**ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE**
**24, AKBAR ROAD, NEW DELHI**
**COMMUNICATION DEPARTMENT**

**Highlights of the Press Briefing** **01 August, 2019**

**Shri Randeep Singh Surjewala, I/C Communications Department, AICC addressed the media at AICC Hdqrs. today.**

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि** - आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिवगण, कोषाध्यक्ष व प्रभारीगण की एक बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रांगण में हुई। हर कांग्रेसजन और देशवासी के लिए यह साल दो मायनों में बहुत महत्वपूर्ण है। भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 75वीं जन्म जयंती इसी 20 अगस्त को आने वाली है और महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती भी इसी साल 2 अक्टूबर से शुरु हो जाएगी, इसलिए इस देश के करोड़ों लोगों, खासतौर से कांग्रेस जनों के लिए ये वर्ष बहुत महत्वपूर्ण है।

इस बैठक में सबसे पहले हमारे दो दिवंगत नेताओं श्रीमती शीला दीक्षित और श्री जयपाल रेड्डी जी को श्रद्धांजलि दी गई और उसके बाद यह निर्णय लिया गया कि 20 अगस्त को जो राजीव जी की 75 वीं जन्म जयंती है, उस दिन हर प्रांतीय हैडक्वार्टर पर, समेत राष्ट्रीय राजधानी में एक भव्य कार्यक्रम होगा। राजीव गांधी जी कौन थे, देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ - राजीव गांधी जी इस देश के इतिहास के पन्नों में अंकित हैं, एक ऐसे व्यक्ति और प्रधानमंत्री के तौर पर जिन्होंने इस देश में करोड़ों लोगों को प्रजातंत्र का हिस्सा बनने का अधिकार दिया, पंचायती राज संस्थाओं, जिला पंचायतों, नगरपालिओं, नगरपरिषदों और म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के माध्यम से। खासतौर से इस देश में पहली बार महिलाओं को आरक्षण, पिछड़े वर्गों को आरक्षण, पचायंती राज और म्युनिसिपल संस्थाओं में पहली बार राजीव गांधी जी द्वारा संविधान संशोधन कर पंचायतों, नगरपालिकाओं को संवैधानिक दर्जा दिया, इस बात के लिए वो सदैव जाने जाएंगे। राजीव गांधी जी वो थे जिन्होंने इस देश की एकता, समरसता और अखण्डता के लिए तीन ऐसे राज्य, दो उत्तर पूर्व के और एक उत्तर का, जहाँ उग्रवाद की आग से जनता

झुलस रही थी और कई बार ये कयास लगाए जाते थे कि कहीं देश के ये हिस्से टूट ना जाएं। उन सबको दोबारा मुख्यधारा में राजीव जी शांति स्थापित कर लेकर आए, असम एकोर्ड, मिजोरम एकोर्ड और पंजाब शांति समझौते के माध्यम से।

राजीव जी ने इस देश में युवाओं को नई ऊर्जा, नया महत्व, नया स्थान और लीडरशिप के नए आयाम पैदा किए। ना केवल वोटिंग एज 21 से 18 साल की, परंतु इस देश के युवाओं को नेतृत्व में महत्वपूर्ण स्थान मिले, ये उन्होंने सुनिश्चित किया और देश के युवाओं को कहा कि आईए आगे बढ़िए और राष्टीय निर्माण में आपकी सबसे अहम भूमिका है। राजीव जी साइंटिफिक टेंपर और आधुनिकता की एक नई धारणा इस देश में लेकर आए, चाहे वो संचार टेलीफोन क्रांति हो, मोबाईल क्रांति हो, चाहे वो कम्प्यूटर की क्रांति हो, इन सबके जन्मदाता कहीं ना कहीं स्वयं श्री राजीव गांधी थे।

एक समय था जब आज के बहुत सारे हुकमरान राजीव गांधी जी और उनके साथियों का ये कहकर मजाक उड़ाते थे कि ये कम्प्यूटर ब्वॉयज हैं, परंतु आज आईटी रवेल्यूशन, सॉफ्टवेयर रवेल्यूशन, टेलीकोम रवेल्यूशन उसने इस देश का नक्शा बदल कर रख दिया और वो सदैव इस बात के लिए जाने जाएंगे। आज कितने लोग ये याद करते हैं कि सॉफ्टवेयर को बिजनेस का दर्जा, व्यवसाय का दर्जा पहली बार राजीव गांधी जी ने दिया। आज ये देश दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर सुपर पॉवर है और 21 वीं सदी में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने का स्वप्न और रास्ता वो दोनों राजीव गांधी जी ने तैयार किए थे। ये थे राजीव गांधी और इसलिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ये निर्णय किया है कि ये पूरा वर्ष राजीव गांधी जी जो आज की आधुनिकता, साइंटिफिक टेंपर, मॉर्डनाइजेशन, यूथ लीडरशिप और गरीबों, पिछड़ों, महिलाओं को एमपॉवर करने की जो मुहिम थी, जिससे वो जुड़े थे, उस तरीके से कांग्रेस और देश के लोग उन्हें याद करेंगे।

**20 तारीख को हर प्रदेश के मुख्यालय पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजन होगा, जिसमें पार्टी के महासचिव, पार्टी के प्रभारी, प्रदेश के नेता, प्रदेश अध्यक्ष, विपक्ष के नेता, विधायकगणों के नेता, वो सब मौजूद रहेंगे और एक बड़ा कार्यक्रम 21 तारीख को राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम वो भी दिल्ली में होगा और उसके बाद एक कमेटी का हम गठन करेंगे, जिसके तहत ये कार्यक्रम पूरे वर्ष कैसे चले, इसकी सरंचना और रुपरेखा भी तैयार की जाएगी।**

**एक प्रश्न पर कि उन्नाव मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सीबीआई पूरी डिटेल दे और आपको लगता है कि केस उत्तर प्रदेश से ट्रांसफर होना चाहिए, श्री सुरजेवाला ने कहा कि** आदित्यनाथ उर्फ अजय सिंह बिष्ठ जी की सरकार चाहे वो महिला सुरक्षा हो और चाहे उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था हो, उसमें पूर्णतया फेल साबित हुई है। उन्नाव रेप पीड़िता का मामला केवल एक उत्तर प्रदेश उन्नाव और देश की बेटी का मामला नहीं, जहाँ सरकारी संरक्षण में अत्याचार हुआ, जहाँ हुकमराम यानि रक्षक भक्षक बन गए, जहाँ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा सरकार के संरक्षण में उन्नाव रेप पीड़िता और उनके परिवार के साथ ज्यादतियां की गई। पहले बलात्कार जैसा संगीन अपराध हुआ, उसके बाद पुलिस की कस्टडी में पिता की हत्या हुई, उसके बाद रहस्यमयी परिस्थिति में गवाह मर गए, उसके बाद जो सिक्योरिटी उस उन्नाव रेप पीड़िता को दी गई थी, वो यकायक गायब हो गई, उसके बाद कई धमकियां आई, सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया। उसके बाद उल्टी तरफ से आते एक ट्रक ने, जिसने नंबर प्लेट पर कालिख पोत रखी थी, उस गाड़ी में टक्कर मारी, जिसमें परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई और उत्तर प्रदेश की वो बेटी आज भी जीवन और मौत के बीच में जूझ रही है।

इसके लिए अगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार, आदित्यनाथ सरकार दोषी नहीं तो कौन है? सेंगर और उसके गुंडों को संरक्षण किसने दिया, उस बेटी के ऊपर बार-बार हो रहे हमले और धमकियों को नजरअंदाज किसने किया? सीधे-सीधे आदित्यनाथ जी और उनकी सरकार ने। उनसे कोई न्याय की उम्मीद नहीं हो सकती, जैसा उस बेटी के परिवारजनों ने बार-बार कहा, जो आज धरने पर अस्पताल के बाहर बैठे हैं। ऐसे में केन्द्रीय जांच ब्यूरो जिसके पास पहले से ही मामला है, क्या वो भी सही जांच कर पाएगा, मुझे व्यक्तिगत तौर से उस पर भी शक है।

उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संज्ञान लेंगे और उन्नाव की देश की उस बेटी को न्याय कैसे मिले, भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण वाले गुंडों से न्याय कैसे मिले, इसका निर्णय निर्णायक तौर से आज देश की सर्वोच्च अदालत कर पाएगी, ऐसी हमें जरुर उम्मीद है।

**(English translation, for reference only)** - Shri Surjewala said meeting of the Congress General Secretaries, Treasurer and In-charges of AICC was held today at AICC Hdqrs. For every congressman and citizen of this country, this year is special from two perspectives. Firstly, the 75th birth anniversary of Bharat Ratna Late Shri Rajiv Gandhi shall be commemorated on 20th August and secondly the celebration for the 150th birth anniversary of Mahatma Gandhi will start from the 2nd October this year itself. As such, this year is very important for congressmen.

In this meeting, at the outset, obeisance was paid to our two departed leaders Smt. Sheila Dikshit and Shri Jaipal Reddy. After that a decision was taken that on 20th August, the birth anniversary of Rajiv Gandhi Ji, a grand programme will be organized at all State Hdqrs. including national capital Delhi. Who was Rajiv Gandhi? He was not only a Prime Minister but Rajiv Gandhi Ji will go in the annuls of history as a man who as the Prime Minister of this country bestowed the right of being the part of the democracy to the crores of people of this country through 'Panchayati Raj' Institutions, District Panchayats, Municipal Committees, Municipal Councils and Municipal Corporations. He will be remembered for giving constitutional status to Panchayats and Municipalities through Constitutional Amendment. It was Rajiv Gandhi who protected and preserved the unity, harmony and integrity of this country by dousing the fire of terrorism in two North Eastern States of Assam and Mizoram and Northern State of Punjab by signing Assam Accord, Mizoram Accord and Punjab Peace Accord.

Rajiv Gandhi explored new avenues for youthful energy and created fresh pace and importance to bring forward youth leadership. Not only he reduced the voting age from 21 to 18 years but also ensured that the youth of this country gets a place of importance in the leadership. He gave a call to the youth of this country to come forward to play a role of importance in nation building. Rajiv Gandhi gave a vision of scientific tamper and modernity to this country by bringing in Telecom Revolution, Mobile Revolution, Computer Revolution. There was a time when the rulers of the day used to make fun of Rajiv Gandhi Ji and his colleagues calling them Computer Boys but today the IT Revolution, Software Revolution, Telecom Revolution has changed the landscape of this country and he will be always remembered as the precursor of these revolutions. How many remember today that it was Rajiv Gandhi Ji who gave the status of business and profession to software and today this country is the software superpower and when India is dreaming of becoming a super power in this 21st century, the foundation for this dream was laid by Shri Rajiv Gandhi. This as the real personality of Rajiv Gandhi Ji and therefore, Indian National Congress has

taken a decision that this whole year the people of this country and the congressmen will remember Rajiv Gandhi Ji for his modernity, scientific tamper, modernization, youth leadership and empowerment of poor, backwards and women.

To commemorate the spirit programmes will be organized at every State Headquarter on 20th of this month in which party General Secretaries, party In-charge, State leaders, PCC Presidents, leaders of opposition parties, MLAs will be present and a grand programme will be organized on 21st on national level at Delhi and after that a committee will be constituted under whose leadership these programmes will be organized. The composition and outlines for the constitution of this committee will be finalized in due course.

**On Unnao rape case, Shri Surjewala said** that BJP Government of Adityanath Ji alias Ajay Singh Bisht has totally and utterly failed in giving adequate protection to the Unnao rape victim. Adityanath Government has become notorious for protecting the guilty and the criminal in last couple of years. The law and order has got decimated in UP. UP has actually now become 'Apraadh Pradesh' under Adityanath Ji and BJP Government. We saw Unnao rape victim is not one daughter of India and she is symbol of what is wrong with Adityanath and BJP Government in Uttar Pradesh. First a gruesome crime like rape was committed by those being protected by the highest echelons of powers in the BJP Government of UP. Then, the rape victim lost her father who was killed in police custody and the truth is yet to come out. Even the witnesses died mysteriously, multiple threats were issued to her and her family for their complete elimination and Adityanath Government kept quiet actually tacitly protecting the guilty. Then the security granted to her suddenly evaporated in a mysterious fashion and then a truck being driven on the wrong side with grease being put on the front and back number plate so that numbers can't be identified, went and rammed into the vehicle in which she was travelling resulting into death of two people and this daughter of India, daughter of Unnao and UP is still struggling between life and death as her family sits outside.

May I ask, Is this justice? Is this not complicity of powers that are in Uttar Pradesh at the highest level? Is Adityanath Ji not guilty himself by implication for not being able to shield the daughter of Unnao. Can CBI now further punish these people as the FIR has suggested. I do not know CBI already had this case and was investigating it, yet it failed to repeated threats as also the accident which is actually a conspiracy to eliminate her.

We sincerely hope that Chief Justice of India has finally taken note of the matter and justice would be done so that another daughter plagued by criminals who have state protection from the BJP Government of UP does not suffer in a similar fashion.

We sincerely hope that justice is done today.

**To another question on CWC meeting, Shri Surjewala said** I can only say it to you at this time that please wait for the Parliament session to be over and we shall be able to inform you thereafter about the date of the Congress Working Committee meeting.

**कांग्रेस वर्किंग कमेटी को लेकर पूछे एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री सुरजेवाला ने कहा कि** कांग्रेस कार्यसमिति का ऐजेंडा क्या होगा, ये मैं अभी नहीं बता सकता, क्योंकि ऐजेंडा अभी निर्धारित नहीं हुआ और आप अपने तजुर्बे से ये जानते हैं। परंतु कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक जो होगी, वो इस संसदीय सत्र के बाद होगी, जब भी कोई तिथि निर्धारित होगी, हम आपको सूचित करेंगे, उसमें क्या कार्यवाही हुई, हमेशा की तरह हम उसे कभी सीक्रेट नहीं रखते, बाकायदा उसे सांझा किया जाएगा।

**इसी संदर्भ में पूछे एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री सुरजेवाला ने कहा** कि जैसे एक और आदरणीय मित्र ने पूछा, कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक संसदीय सत्र के बाद होगी, जब भी उसकी तारीख निर्धारित होगी, हम आपको सूचित करेंगे, उसका ऐजेंडा अभी निर्धारित नहीं हो सकता, इसलिए उस दूसरे प्रश्न के आज कोई मायने नहीं।

**एक अन्य प्रश्न पर कि क्या श्री राहुल गांधी इस समिति में शामिल होंगे, श्री सुरजेवाला ने कहा कि -** जी, बिल्कुल, वो कांग्रेस कार्यसमिति का हिस्सा हैं, कांग्रेस के अध्यक्ष हैं, स्वाभाविक तौर से वो कांग्रेस कार्यसमिति का हिस्सा होंगे।

**Sd/-**<br>
**(Vineet Punia)**<br>
**Secretary**<br>
**Communications Deptt.,**<br>
**AICC**